आज का समाचार

## शिमला से अनवर हुसैन के साथ वंदना ठाकुर की रिपोर्ट



BREAKING NEWS

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में स्टार डी बी टी योजना के अंतर्गत गठित ' पदार्थ और जैविक विज्ञान में नवीन विकास ' विषय पर चल रही दो दिवसीय संगोष्ठी के दूसरे दिन की अध्यक्षता डॉ बी एस कैथ ने की। दूसरे दिन पहले सत्र के मुख्य वक्ता डॉक्टर संजीव के ठाकुर, डॉ दिनेश पाठक, डॉक्टर बी ए मलिक रहे। इसके बाद तकनीकी सत्र की शुरुआत हुई पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ मीनाक्षी शर्मा ने छठे सत्र की अध्यक्षता अनंत विद्या निधि ने सातवें सत्र के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर सुमेश सूद और डॉक्टर पंकज वैद्य मौजूद रहे। आठवां और नवा सत्र जो ऑनलाइन माध्यम से था इसकी अध्यक्षता डॉक्टर सुरेश कुमार और डॉ सपना शर्मा ने की। शिमला के नजदीकी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल संगोष्ठी में प्रस्तुत किए। डॉ निधि ने तथा मिस्टर रोहित ने संगोष्ठी की फीडबैक दी। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ भारती भागड़ा ने स्वागत भाषण दिया। इन्होंने भौतिक विभाग को महाविद्यालय में नैनो मटेरियल रिसर्च लैब खोलने पर बधाई दी और संगोष्ठी के आयोजकों को भी बधाई दी। डॉ अनुज ने संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सी एस सी की अध्यक्षा नेहा ने संगोष्ठी में भागीदार बने सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया और इस संगोष्ठी के समापन में संगोष्ठी की समन्वयक डॉक्टर कीर्ति सिंघा ने स्टार टीम के समन्वय डॉक्टर भारती शर्मा तथा को समन्वयक डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा तथा अन्य सभी सदस्यों के साथ संपूर्ण महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया।

## मॉडल प्रस्तुति में छोटा शिमला स्कूल को प्रथम स्थान



शिमला। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली कालेज में बुधवार को स्टार डीबीटी योजना के अंतर्गत पदार्थ और जैविक विज्ञान में नवीन विकास विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन हुआ। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता डा. बीएस कैथ ने की। दूसरे दिन के पहले सत्र के मुख्य वक्ता डा. संजीव ठाकुर, डा. दिनेश पाठक, डा. बीए मलिक रहे। इसके बाद तकनीकी सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा. मीनाक्षी शर्मा ने, छठे सत्र की अध्यक्षता अनंत विद्या निधि ने, सातवें सत्र के अध्यक्ष के रूप में डाक्टर सुमेश सूद और डा. पंकज वैद्य मौजूद रहे। आठवां और नौवां सत्र ऑनलाइन माध्यम से हुआ और इसकी अध्यक्षता डॉ सुरेश कुमार और डॉ सपना शर्मा ने की। शिमला के नजदीकी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल संगोष्ठी में प्रस्तुत किए। इसमें प्रथम स्थान पर छोटा शिमला स्कूल, दूसरे स्थान पर स्वर्ण पब्लिक स्कूल टूटीकंडी और फागली स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। मॉडल प्रस्तुति में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल को 3000 और दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल को 2000 रुपए की इनाम राशि प्रदान की गई। डा. निधि और रोहित ने संगोष्ठी की फीडबैक दी। इसके पश्चात संजौली कालेज की प्राचार्या डा. भारती भागड़ा ने स्वागत भाषण दिया। इस संगोष्ठी के समापन में संगोष्ठी की समन्वयक डा. कीर्ति सिंघा ने स्टार टीम के समन्वय डा. भारती शर्मा, समन्वयक डा. मीनाक्षी शर्मा और अन्य सभी सदस्यों के साथ सपूर्ण महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया।